दिन– सोमवार दिनांक– 14 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।
अवधिः– 05 मिनट

---

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर चुका है। इस अवसंरचना ने उच्च गुणवत्ता के डिजिटल वित्तीय उत्पादों के विकास में सुविधा प्रदान की है। श्री दास आज नई दिल्ली में आरबीआई एट 90, उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश अब विश्व के तीसरे महत्वपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। यहां एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं। डिजिटल मुद्रा के प्रयोग पर रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा– सीबीडीसी सीमापार निर्बाध भुगतान करने की संभावना रखती है।

———————————————————

राजगीर खेल परिसर में ग्यारह से बीस नवम्बर के बीच आयोजित होने वाली महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर आज से प्रदेश में ट्रॉफी गौरव यात्रा की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब से थोड़ी देर बाद पटना में इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह यात्रा दस नवम्बर तक बिहार के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और झारखंड से गुजरेगी। इस यात्रा के माध्यम से हॉकी के प्रति जन–जागरुकता बढ़ाई जायेगी।

———————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के कारण रक्त का थक्का जमने जैसे दुष्प्रभाव का आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिका खारिज कर दी है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि यह याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी।

---

केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें अब जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। अब तक चिराग पासवान की सुरक्षा का जिम्मा एसएसबी संभाल रही थी।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार पछुआ हवा का प्रभाव बढ़ने के साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतीस दशमलव पाँच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बेगूसराय राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए फॉम भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। छात्र अब विलंब शुल्क के साथ इक्कीस अक्टूबर तक फॉम भर सकते हैं।

---

सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत घाघरा नदी के रामघाट मंदिर पर गंगा नदी तंत्र में पुनर्स्थापना कार्यक्रम के तहत मत्स्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के माध्यम से मछुआरों को जल संसाधन के समुचित उपयोग और नदियों में हो रहे प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया।

---

अरवल जिले के करपी हाई स्कूल परिसर में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मनरेगा के तहत बनने वाले खेल मैदान की आधारशिला रखी।

———————————————————————

लखीसराय जिले में मेदनी चौकी क्षेत्र अंतर्गत हैवतगंज में अपराधियों ने एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

पटना के दानापुर से एसटीएफ की टीम ने कुख्यात अपराधी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के अलग–अलग थाने में हत्या के पांच समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

नेपाल के चितवन से भटक कर आए हाथियों के एक झुंड ने पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकीनगर से सटे बिसहा गांव में कई एकड़ खेतों में लगी धान और केले की फसल को नष्ट कर दिया। वनकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से हाथियों के झुंड को भगाया गया।

———————————————————————

पटना के दानापुर छावनी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गयी, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————

समाप्त